विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय शुक्रवार के लिए निर्धारित डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह "गुरू जी" मा० सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या-19 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 19-(क) क्या जलशक्ति मंत्री बतायेंगे कि कोल रजवाहा, बौनेर माइनर व गड़राना माइनर जनपद अलीगढ़ में स्थित है? | कोल रजवाहा, बौनेर माइनर व गड़राना माइनर जनपद अलीगढ़ में स्थित है। |
| (ख) उक्त माइनर कहाँ से प्रारम्भ है एवं उसका अंतिम बिन्दु कौन सा है ? | कोल रजवाहा ऊपरी गंगा नहर के कि०मी० 238.228 के दायें बैंक, ग्राम नगलिया टक्कर से निकलकर ग्राम दरीपुर जनपद अलीगढ़ में समाप्त होती है। बौनेर माइनर कोल राजवाहा के किमी.45.263, ग्राम धनीपुर से प्रारम्भ होकर ग्राम पनैठी में समाप्त होती है। गड़राना माइनर कोल राजवाहा के कि०मी० 43.112 के ग्राम असदपुर क्याम से निकलकर गड़राना ग्राम में समाप्त होती है। |
| (ग) क्या कोल रजवाहे पर जमालपुर से कवारर्सी चौराहे तक रजवाहा पर पूर्ण रूप से अतिक्रमण कर बीच-बीच में बंद कर दिया गया है ? | ग्राम जमालपुर एवं क्वार्सी, कोल रजवाहे के निचले भाग में स्थित है। उपरोक्त लम्बाई में रजवाहा पूर्णतः निष्प्रयोज्य स्थिति में है तथा शहरीकरण के कारण इससे सिचाई नहीं होती है। इस लम्बाई में कतिपय स्थलों पर स्थानीय लोगों द्वारा अस्थायी अतिक्रमण किये गये है। |
| (घ) यदि हां, तो उक्त माइनर को अतिक्रमण मुक्त कराकर प्रवाहमान करायेंगे? | उपरोक्त रजवाहे को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिये जिला प्रशासन के सहयोग से अभियान चलाया जाना प्रस्तावित है। रजवाहा का सिंचाई क्षेत्र न होने के कारण प्रवाहमान कराने की आवश्यकता नहीं है। |
| (ड) यदि नहीं, तो क्यों ? | कोल रजवाहा के टेल भाग एवं इसके टेल भाग से निकलने वाली बौनेर माइनर एवं गड़राना माइनर शहरीकरण के क्षेत्र में आ जाने के फलस्वरूप सींच हेतु रकबा न होने के कारण इसे प्रवाहमान बनाये जाने का कोई प्रस्ताव नही है।। |

स्वतंत्र देव सिंह
मंत्री,
जल शक्ति विभाग,
उत्तर प्रदेश ।